दिनांक 15.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बारिश में न हो कोई दुर्घटना इसलिए चन्द्रा मौर्या अण्डर ब्रिज में रोड संधारण का किया जा रहा है कार्य

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने बारिश के पूर्व चन्द्रा मौर्या के समीप अण्डरब्रिज में रोड संधारण करने के आदेश जोन आयुक्त जोन 03 एस0पी0 साहू को दिये थे । प्रायः यह देखने में आ रहा था कि बारिश होते ही जल भराव की स्थिति होने के कारण अण्डरब्रिज के रोड, रास्ते उखड़ने लगते थे तथा छड़, लोहे आदि बाहर निकल आते थे जिससे राहगीरों को जल भराव होने एवं रोड नहीं दिखने के कारण अनावश्यक दुर्घटना की आशंका बनीं रहती थी। जिसको देखते हुए आयुक्त महोदय द्वारा रास्ते को संधारण करने के आदेश दिये गये हैं जिसका कार्य भी आज से प्रारम्भ हो गया है। आवागमन बाधित न हो एवं सुरक्षा की दृष्टि से दो निगम कर्मचारी भी राहगीरों को दूसरे रास्ते से जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहें हैं , साथ ही संकेतक स्टाप बोर्ड भी लगाया गया है। जोन आयुक्त एस0पी0 साहू ने बताया कि कार्य शीघ्र पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है परन्तु कल दिन गुरुवार को भी यह कार्य प्रगति पर रहेगा जिससे चन्द्रा मौर्या अण्डरब्रिज से गुजरने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है इसको देखते हुए आवागमन को दूसरे रास्ते से करने की अपील की जाती है।

जनसम्पर्क अधिकार

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''